# Siddharth University Kapilvastu, Siddharthnagar

विस्तार गतिविधियाँ

माननीय कुलाधिपति महोदया आनंदी बेन पटेल के दृष्टिकोण से, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु समय-समय पर माननीय महोदया द्वारा सुझाए गए विस्तार गतिविधियों में लगा हुआ है। चूंकि विश्वविद्यालय ने अपने अस्तित्व के सात साल पूरे कर लिए हैं, इसलिए शुरुआत में मुख्य ध्यान शैक्षणिक माहौल बनाए रखने के लिए उपयुक्त बुनियादी ढांचा तैयार करना था। विस्तार गतिविधियों का उद्देश्य हमारे छात्रों/स्वयंसेवकों को सामाजिक जिम्मेदारियां विकसित करने और कार्य करके सीखने में सक्षम बनाना है। किसी भी पेशेवर को अपनी नौकरी में फलने-फूलने के लिए सेवा भाव आवश्यक है। हमारी विस्तार गतिविधियों के कई आयाम हैं जैसे राष्ट्रीय सेवा योजना, सड़क सुरक्षा कार्य, उन्नत भारत अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, जल संचयन अभियान, वृक्षारोपण अभियान, जनसंख्या वृद्धि उन्मूलन अभियान आदि। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु द्वारा संचालित विस्तार गतिविधियों की सूची

| S.No | Name of Activity | Name of Scheme | Date& Year |
|---|---|---|---|
| 1. | Women Empowerment Programme | Community | 09/12/2020 |
| 2. | Mahila Shashaktikaran mein Helpline ki Bhoomika | Extension | 01/03/2021 |
| 3 | Awareness Camp -Food and Nutrition for Girls | Extension | 02/03.2021 |
| 4. | Awareness Programme on Laws related to Women | Extension | 03/03/2021 |
| 5. | Child Sexual Abuse and POCSO Act | Community | 05/03/2021 |
| 6. | Balikaon evam Mahilaon hetu paramarsh Satr | Extension | 06/03/2021 |
| 7. | Awareness Rally on Personal Health and good habits | Extension | 07/03/2021 |
| 8. | International Women Day- Tulsi plants distributed to Women | Extension | 08/03/2021 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | Taekwando Training for Girls | Awareness Programme | 09/03/2021 |
| 10. | Programme on Gender Equality | Extension | 27/08/2021 |
| 11 | Women empowerment Opportunities and Challenges | Extension | 28/08/2021 |
| 12 | Laingik Samanata evam Poshan | Extension | 04/09/2021 |
| 12 | Health Camp at rural Area | Extension | 15/09/2021 |
| 13 | Legal Aid Programme | Extension | 12/11/2021 |
| 14 | Chuppi Todo Khul Kar Bolo | Counselling | 20/11/2021 |
| 15 | Awareness Programme on International Human Rights Day | Extension | 10/12/2021 |
| 16 | Yoga For Better health- Nirbhaya Diwas | Extension | 16/12/2021 |
| 17 | Arts Formation- rangoli | Community | 26/01/2022 |
| 18 | Respecting Women as a co worker- International Women Day | Community | 08/03/2022 |
| 19 | Embroidery Camp for Girls | Extension | 15/03/2022 |
| 20 | MOU Signed with Heritage Society Patna | Extension | 20/03/2022 |
| 21 | Programme on Baba Sahab Bhimrao Ambedkar- Rangoli, Poster and essay | Extension | 14/04/2022 |
| 22 | Heritage walk | Extension | 18/04/2022 |
| 23 | Desh ki ekta evam Akhandata mein Civil Seva ki Bhoomika | Awareness and Extension | 21/04/2022 |
| 24 | Cleanliness programme on Earth Day | Extension | 22/04/2022 |
| 25 | Rally on Remembering the freedom fighters of 1857 | Extension | 10/06/2022 |
| 26 | Rani Lakshmi Bai Martyr Day | Community | 18/06.2022 |
| 27 | Yog prashikshan shivir | Extension | 21/06/2022 |
| 28 | Jansankhya Visfot evam khadyan suraksha | Extension | 11/07/2022 |
| 29 | Flag Day- The basic features of Indian Flag | Extension | 23/07/2022 |
| 30 | Vishva Stanpan Saptah- Vividh Karyakram | Extension | 01/08/2022 |
| 31 | Har Ghar Tiranga Karyakram | Extension | 17/08/2022 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 32 | Awareness Camp on Nutrition and food | Extension | 01/08/2022 |
| 33 | Ek Bharat Shresth Bharat- Many programmes organised | Extension | 26/09/2022 |
| 34 | Constitution Day | Community | 26/11/2022 |
| 35 | Heritage week | Extension | 19/11/2022 |
| 36 | Law Day- Rally for legal Awareness | Extension | 26/11/2022 |
| 37 | Signing MOU with Lumbini Buddhist University , Nepal | Extension | 12/12/2022 |
| 38 | Global Science for Global Welbeing | Extension | 28/02/2023 |
| 39 | International Women Day- Programme at Villages | Extension | 08/03/2023 |
| 40 | MOU Signed with AMPRI, Bhopal | Extension | 03/2022 |
| 41 | Yoga Day celebration at Various Places | Extension | 21/06/2023 |
| 42 | Aid to Aganwadi | Extension | 2022-23 |
| 43 | Faculty with Hon'ble VC, Registrar and Finance Officer attended NAAC Manthan, Shiksha Manthan and Workshops at Governor House. | Extension | 2022,2023 |

# Siddharth University Kapilvastu

## Picture Gallery

## Aid to Aganwadi By Hon’ble Governor Madam Anandi Ben Patel







Distributing Tricycle

Distributing Blackboard





Distributing Chair

Madam on Dias






Hon’ble Madam

Kits for distribution

## Signing of MOU’s – The Extention of education



MOU Signing ceremony at Lumbini Buddhist University, Nepal



Token of love to Vice Chancellor Lumbini Buddhist University by Hon'ble VC Siddharth University Prof. Hari Bahadur Srivastava

## Awareness Camps-






Awareness Camp at Village Bohrawa



# बढ़ती जनसंख्या विकास में बाधा : नीता

**कपिलवस्तु (एसएनबी)।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु की महिला अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के समीप स्थित पिपरहवा गांव में जनसंख्या नियंत्रण पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत गांव में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की प्राचीन इतिहास विभाग की आचार्य एवं महिला अध्ययन केंद्र की नोडल अधिकारी डा. नीता यादव ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक जनसंख्या विकास के मार्ग में बड़ी बाधा है। गांव में व्यवसाय एवं रोजगार के साधनों की कमी रहती है, उस अनुपात में जनसंख्या सर्वाधिक है। शिक्षा के अभाव के कारण भी और अपने भविष्य को लेकर बहुत सचेत न रहने के कारण भी ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या विगत कुछ वर्षों में निरंतर बढ़ी है। उन्होंने कहा कि ग्राम वासियों को निश्चित रूप से जनसंख्या नियंत्रण पर गंभीरता से विचार करना होगा। विशेष रूप से महिलाओं को इस हेतु प्रशिक्षण दिया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। शासन स्तर पर भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही शिक्षण संस्थाओं और बौद्धिक जगत का भी यह दायित्व होना चाहिए कि अपने आसपास के क्षेत्रों में इस प्रकार की समसामयिक समस्याओं के समाधान के लिए लोगों को जागरूक किया जाय। जनसंख्या नियंत्रित होने से सरकार की तरफ से उपलब्ध संसाधन और प्रातिक संसाधनों का अनुपातिक उपयोग संभव हो पाएगा और और विकास के मार्ग भी प्रशस्त होंगे। जागरूक महिलाएं उन्नत गांव की धुरी बन सकेंगी। इस अवसर पर महिला अध्ययन केंद्र की डा. सुनीता त्रिपाठी, डा. रेनू त्रिपाठी सहित ग्राम प्रधान कैलाशी देवी तथा गांव की महिलाएं उपस्थित रही।

**सिविवि की महिला अध्ययन केंद्र द्वारा पिपरहवा गांव में किया गया जन जागरूकता कार्यक्रम**

**महिलाओं को जनसंख्या नियंत्रण के प्रति किया गया जागरूक**

महिलाओं को संबोधित करती डा. नीता यादव। फोटो : एसएनबी



# बढ़ती हुई जनसंख्या विकास के मार्ग में बढ़ी बाधा है : डॉ. नीता यादव

यूथ इण्डिया संवाददाता

**सिद्धार्थ नगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु की महिला अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के समीप स्थित पिपरहवा गांव में जनसंख्या नियंत्रण पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत गांव में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की प्राचीन इतिहास विभाग की आचार्य एवं महिला अध्ययन केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ नीता यादव ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक जनसंख्या विकास के मार्ग में बड़ी बाधा है। गांव में व्यवसाय एवं रोजगार के साधनों की कमी रहती है, उस अनुपात में जनसंख्या सर्वाधिक है। शिक्षा के अभाव के कारण भी और अपने भविष्य को लेकर बहुत सचेत न रहने के कारण भी ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या विगत कुछ वर्षों में निरंतर बढ़ी है। उन्होंने कहा कि ग्राम वासियों को निश्चित रूप से जनसंख्या नियंत्रण पर गंभीरता से विचार करना होगा। विशेष रूप से महिलाओं को इस हेतु प्रशिक्षण दिया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। शासन स्तर पर भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही शिक्षण संस्थाओं और बौद्धिक जगत का भी यह दायित्व होना चाहिए कि अपने आसपास के क्षेत्रों में इस प्रकार की समसामयिक समस्याओं के समाधान के लिए लोगों को जागरूक किया जाय। जनसंख्या नियंत्रित होने से सरकार की तरफ से उपलब्ध संसाधन और प्राकृतिक संसाधनों का अनुपातिक उपयोग संभव हो पाएगा और और विकास के मार्ग भी प्रशस्त होंगे। जागरूक महिलाएं उन्नत गांव की धुरी बन सकेंगी।

- सिविवि की महिला अध्यान केंद्र द्वारा पिपरहवा गांव में किया गया जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन
- महिलाओं को जनसंख्या नियंत्रण के प्रति किया गया जागरूक

News and media coverage






## **Webinars**




2 दैनिक जागरण गोरखपुर, 28 मई, 2022

## इतिहास के पाठ्यक्रम में शामिल होगी कपिलवस्तु की कथा

**जासं, सिद्धार्थनगर :** सिद्धार्थ विवि के प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के नए पाठ्यक्रम में दो नए प्रश्नपत्र जुड़ेंगे। इतिहास में नारियों के योगदान व उनकी भूमिका के संबंध में शिक्षा दी जाएगी। कपिलवस्तु के पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक धरोहरों का विस्तृत अध्ययन कराया जाएगा। गौतम बुद्ध से जुड़े नगरों की भी पढ़ाई होगी। छात्रों को गौतम बुद्ध के जीवन और कपिलवस्तु की कथा बताई जाएगी। नेपाल व भारत में गौतम बुद्ध से संबंधित समग्र इतिहास को समाहित किया जाएगा।

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग ने नई शिक्षा नीति में नए सिरे से पाठ्यक्रम का निर्धारण किया गया है। इसकी विशेषता यह है कि इसमें दो नए पेपर जोड़े गए हैं, जो सिद्धार्थनगर जनपद के लिए व प्राचीन भारतीय संस्कृति के लिए महत्वपूर्ण पेपर है। पहले प्रश्नपत्र में नारियों के विभिन्न योगदान एवं भूमिकाएं विषय है। दूसरे प्रश्नपत्र में कपिलवस्तु की पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक धरोहरों का विस्तृत अध्ययन कराया जाएगा।

प्राचीन इतिहास की विभागाध्यक्ष डा. नीता यादव ने बताया कि प्राचीन इतिहास संस्कृति के पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया गया है। दो नए प्रश्नपत्र जोड़े गए हैं।

## महिलाओं को आर्थिक उन्नति के बारे में दी गई जानकारी

### राजकीय महाविद्यालय पचमोहनी खेसरहा में आयोजित हुआ वेबिनार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बांसी।** राजकीय महाविद्यालय पचमोहनी खेसरहा में मिशन शक्ति तृतीय चरण के तहत शनिवार को वेबिनार का आयोजन कर महिला उद्यमिता विषय पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की डॉ. नीता ने कहा कि महिला का योगदान केवल सामाजिक या पारिवारिक दायरे तक सीमित नहीं होना चाहिए। बल्कि आर्थिक आत्म निर्भरता आज के परिवेश में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

लखनऊ उच्च न्यायालय की अधिवक्ता डॉ. नुसरत ने कहा कि महिला उद्यमिता से आगे रोजगार सृजन अत्यंत तेजी से बढ़ेगा। ग्रामीण और शहरी विभाजन को केवल महिला उद्यमिता के उचित अवसर को प्रदान करके समाप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर प्रियंका गौड़ ने बताया कि उद्यमिता के प्रशिक्षण को देश के कोने-कोने में फैलाने की जरूरत है, जिससे महिलाओं को समानता की सुलभता हो। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. महेंद्र प्रकाश ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर कहा कि यदि उद्यम प्रबंधन को सफल बनाना है तो महिला भागीदारी को बढ़ाना पड़ेगा। वेबिनार में महाविद्यालय के प्राध्यापक दिलीप कुमार, डॉ. अरविंद, डॉ. डीबी सिंह, संतोष सहित कई छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।

#### मिशन शक्ति के तहत आयोजित किया गया कार्यक्रम

## महिला आरक्षियों ने बताया महिलाओं का अधिकार

#### प्राथमिक विद्यालय पकड़ी पठान में आयोजित किया गया कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

**इटवा।** महिला सशक्तीकरण व महिलाओं की सुरक्षा व जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को प्राथमिक विद्यालय पकड़ी पठान में आयोजित कार्यक्रम में त्रिलोकपुर की महिला आरक्षियों ने महिलाओं को उनकी सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।

महिला आरक्षी उर्मिला और आरक्षी सुजाता राव ने डोकम अमया तथा पकड़ी पठान गांव में महिलाओं की आयोजित जागरूकता बैठक में उनकी समस्याओं की जानकारी ली और उन्हें उनकी सुरक्षा के लिए सरकार की ओर से किए गए उपायों की जानकारी दी। महिलाओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर महिलाओं व बच्चियों को महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर 1090 वुमन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड लाइन के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर दोनों गांवों में महिलाएं मौजूद रहीं।

## सिविवि के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



यूथ इण्डिया संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** महिला अध्ययन केंद्र सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु द्वारा पलटा देवी मंदिर स्थित ग्राम मिठवल में महिलाओं के संवैधनिक एवं कानूनी अधिकार पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला अध्ययन केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ नीता यादव ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़कर देश और समाज का विकास सुगमता पूर्वक संभव है। महिलाओं की भागीदारी के लिए बहुत आवश्यक है कि वह अपने महत्व को स्वयं समझें तथा अपने संवैधानिक अधिकार और कानूनी अधिकारों के प्रति सचेत रहें। यदि महिलाओं का विकास होगा तो स्वाभाविक रूप से समाज और देश का भी विकास होगा। संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्राप्त है। अभी पिछले दिनों ग्राम पंचायतों के चुनाव में भी महिलाओं ने न केवल मतदान में बढ़-चढ़कर भागीदारी की है अपितु अनेक गांव सभाओं में महिलाओं के हाथ में प्रतिनिधित्व आया है। इसलिए बहुत आवश्यक है कि महिलाएं स्वयं आगे बढ़ कर अपने अपने गांव अपने देश के विकास में सहभागी बने। इस अवसर पर महिला अध्ययन केंद्र की डॉ सुनीता त्रिपाठी ने कहा कि महिलायों की सुरक्षा और सम्मान के लिए शासन द्वारा अनेक व्यवस्थाएं बनाई गई है। डॉ रेनू त्रिपाठी डॉ जय सिंह यादव, डॉ सरिता सिंह सहित बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## Awareness Programme at Palta Devi Village



# अशिक्षित महिलाओं को साक्षर बना रहा विवि

## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय ने 10 गावों को लिया है गोद, फैल रहा जागरूकता

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु अब आसपास के 10 गांवों को गोद लेते हुए महिलाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। आधी आबादी को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करने के साथ ही अशिक्षित महिला को पढ़ाने की दिशा में योगदान दे रहा है। गांवों में पहुंचकर विवि की टीम शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य बिंदुओं पर जागरूक कर रही है।

भगवान बुद्ध की जन्मस्थली कपिलवस्तु में स्थापित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय पड़ोसी मुल्क नेपाल के छात्रों के साथ ही छह जनपदों में उच्च शिक्षा की ज्योति जला रहा है। इस बीच विवि की महिला अध्ययन केंद्र की ओर से आसपास के 10 गांवों को गोद लेकर महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करने के साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

बेहतर स्वास्थ्य रखने की दिशा में साफ-सफाई, जलभराव न होने देने, मुख्य मार्ग से गांव की सड़क को जोड़ने के लिए ग्राम प्रधानों को प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। जिन 10 गांवों को गोद लिया गया है, उनमें शोहरतगढ़ ब्लॉक के पल्टादेवी के गांव मिठवल, बर्डपुर ब्लॉक के पिपरहवा, गनवरिया, बहोरवा, सेमरी, बसालतपुर, गायघाट, पिपरसन, देवियापुर, मगरहिया शामिल हैं।

सिद्धार्थ विवि से सटे एक गांव में बालिका से संवाद करती डॉ. नीता यादव। विज्ञप्ति

### शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही टीम

इन गांवों में आर्थिक रूप से उच्च शिक्षा की पढ़ाई न करने वाली बालिकाओं को विवि में निशुल्क पढ़ाई के लिए प्रयास किया जा रहा है। बच्चियों के जन्म लेने पर उनके लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उचित चिकित्सीय परामर्श दिलाने का कार्य किया।

पर्यावरण संकट से निजात दिलाने के साथ ही कोरोना काल में ऑक्सीजन की जरूरतों में पौधों की महत्ता पर भी प्रकाश डाला जा रहा है। गांवों में पौधरोपण भी हो रहा है।

### महिला प्रधानों से मुखर होने का आह्वान

इन गांवों की महिला ग्राम प्रधानों से टीम की महिला सदस्य व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें मुखर होने के लिए आगे आने का आह्वान कर रही हैं। परिजनों के सहारे न होकर स्वयं प्रधान के कार्य दायित्व को संभालने के लिए आगे आने की अपील भी।

### टीम में सात सदस्य शामिल

सिद्धार्थ विवि के महिला अध्ययन केंद्र की ओर से गोद लिए गांवों में जागरूकता कार्यक्रम के लिए सात सदस्यीय टीम गठित की गई है। केंद्र की अध्यक्ष डॉ. नीता यादव को नोडल बनाया गया है। जबकि सदस्य के रूप में डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. जय सिंह, डॉ. रेनू त्रिपाठी, डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. मनीषा वाजपेयी, शेख अंजुम शामिल हैं।

विवि की महिला अध्ययन केंद्र की ओर से एक अभिनव पहल की जा रही है। अभी 10 गांवों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आने वाले समय में अन्य गांवों को भी गोद लिया जाएगा। -डॉ. नीता यादव, नोडल अधिकारी



Faculty with women of Palta Devi Village



महिला अधिकार | सिद्धार्थ विश्वविद्यालय द्वारा महिलाओं के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकार पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# देश का विकास महिलाओं से ही संभव

वॉयस ऑफ शताब्दी

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के महिला अध्ययन केन्द्र की नोडल अधिकारी डॉ नीता यादव ने कहा कि महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़कर ही देश और समाज का विकास सुगमता पूर्वक संभव है।

डा यादव मंगलवार को शोहरतगढ़ क्षेत्र के पल्टादेवी मंदिर स्थित ग्राम मिठवल में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा महिलाओं के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकार पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के लिए बहुत आवश्यक है कि वह अपने महत्व को समझें तथा अपने संवैधानिक अधिकार और कानूनी अधिकारों के प्रति सचेत रहें।

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति बहुत सचेत नहीं रहती। जिसका समाज को तो नुकसान होता ही है स्वयं महिलाओं को भी नुकसान उठाना पड़ता है। आधुनिक लोकतांत्रिक युग में महिलाओं की भागीदारी के लिए विभिन्न योजनाएं बनाई गई हैं। अभी पिछले दिनों ग्राम पंचायतों के चुनाव में भी महिलाओं ने न केवल मतदान में बढ़-चढ़कर भागीदारी की है अपितु अनेक गांव सभाओं में महिलाओं के हाथ में प्रतिनिधित्व आया है।

इस अवसर पर महिला अध्ययन केंद्र की सदस्य डॉ सुनीता त्रिपाठी ने महिला हेल्प लाइन के फायदे से महिलाओं को अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान नेपाल सीमा पर स्थित इस गांव की एक बालिका को महिला अध्ययन केंद्र द्वारा शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही ग्राम प्रधान से पल्टादेवी मंदिर को भव्य और सुंदर बनाने का भी प्रस्ताव दिया गया।

इस अवसर पर अध्ययन केंद्र की डॉ.रेनू त्रिपाठी, डॉ.जय सिंह यादव, डॉ. सरिता सिंह सहित बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं उपस्थित रहीं। उक्त जानकारी सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ.अविनाश प्रताप सिंह ने दी।

कपिलवस्तु परिक्षेत्र के पल्टादेवी में महिलाओं को जागरूक करती नोडल अधिकारी डॉ नीता यादव

Legal Aid Camp



Students at Siddharth University Campus

## Legal Advice on different matters



# 'लोक अदालत से मिल रहा कमजोर तबके को न्याय'

सिद्धार्थ विवि में विधिक सहायता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, निराश्रित व अक्षम लोगों को विधिक रूप से साक्षर करने पर दिया गया जोर

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में मिशन शक्ति प्रकोष्ठ के विधिक सहायता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते जिला विधिक प्राधिकरण सचिव चंद्रमणि जोशी। संवाद

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में मिशन शक्ति प्रकोष्ठ के विधिक सहायता जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में शुक्रवार को मिशन शक्ति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विधिक सहायता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव चंद्रमणि जोशी ने कहा कि जागरूक नागरिक ही राष्ट्र की उन्नति और प्रगति का आधार होता है। निराश्रित, आर्थिक रूप से कमजोर व अक्षम लोगों को विधिक सहायता के अवसर की जानकारी होनी चाहिए।

राष्ट्रीय विधिक प्राधिकरण की देखरेख में पूरे देश में विधिक सहायता के लिए अनेक स्तरों पर प्रयास किए गए हैं। ऐसे लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। लोक अदालत के सदस्य, वरिष्ठ अधिवक्ता जय शंकर मिश्रा ने कहा कि लोक अदालतों से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को न्याय मिल रहा है और उनकी समस्याओं का समाधान हो रहा है।

छोटे मामलों से न्यायालयों में मुकदमों का भार बढ़ता है। ऐसे में स्थायी लोक अदालत के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच बातचीत व मध्यस्ता के जरिए समस्या का त्वरित एवं स्थायी समाधान मिल जाता है। प्रो. हरीश शर्मा ने कहा लोगों का विधिक रूप से साक्षर होना बहुत जरूरी है। लोक अदालतों के माध्यम से समस्याओं का समाधान सुगमता पूर्वक हो जा रहा है। लोक अदालत के माध्यम से लोगों के घर तक न्याय पहुंच रहा है। मिशन शक्ति प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. नीता यादव ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और छात्राओं में अधिकारों को लेकर जानकारी और जागरूकता का बढ़ाने का कार्य निरंतर किया जाता है।

उन्हें सामाजिक व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। कार्यक्रम में डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. अरुण कुमार द्विवेदी, डॉ. हृदय कांत पांडेय, डॉ. अमित साहनी, डॉ. जय सिंह यादव, डॉ. शर्देंदु त्रिपाठी, डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ. आभा द्विवेदी, डॉ. रेनू त्रिपाठी, डॉ. मनीषा बाजपेई, डॉ. अरविंद रावत, डॉ. कपिल गुप्ता. डॉ. हरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।





# अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें

- सिद्धार्थ विवि की ओर से मिथवल गांव में महिलाओं के अधिकारों पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम
- महिलाओं का विकास होगा तो स्वाभाविक रूप से समाज और देश का भी होगा विकास

जागरूकता

सिद्धार्थनगर | कार्यालय संवाददाता

सिद्धार्थ विवि कपिलवस्तु की महिला अध्ययन केंद्र की ओर से शोहरतगढ़ क्षेत्र के मिथवल गांव में महिलाओं के संवैधानिक व कानूनी अधिकार पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु की महिला अध्ययन केंद्र की ओर से मंगलवार को शोहरतगढ़ क्षेत्र के मिथवल गांव में महिलाओं के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकार पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। महिला अध्ययन केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ. नीता यादव ने कहा है कि महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़कर देश और समाज का विकास सुगमता पूर्वक संभव है। महिलाओं की भागीदारी के लिए बहुत जरूरी है कि वह अपने महत्व को स्वयं समझें और अपने संवैधानिक व कानूनी अधिकारों के प्रति सचेत रहें।

उन्होंने कहा कि जब महिलाओं का विकास होगा तो स्वाभाविक रूप से समाज और देश का भी विकास होगा। संविधान में महिलाओं को कई अधिकार मिले हैं। समय-समय पर भारतीय संसद और प्रशासन की ओर से महिला अधिकार को लेकर कई नियम परिनियम बनाए गए हैं। इसके प्रचार-प्रसार की भी व्यवस्था की गई है लेकिन महिलाओं में इसको लेकर अपेक्षित जागरूकता नहीं है विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति बहुत सचेत नहीं रहती।

इस अवसर पर डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. रेनू त्रिपाठी, डॉ. जय सिंह यादव, डॉ. सरिता सिंह मौजूद रहीं।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण
(0551) 2580010 www.gidagkp.in
(0551) 2580020 ceogida-up@up.gov.in

## Awareness Care for TB Patients



# टीबी मुक्त भारत के लिए सभी का मिलकर कार्य करना जरूरी : आनंदीबेन पटेल

**विश्व क्षय रोग दिवस पर आयोजित टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम में राज्यपाल ने आनलाइन किया प्रतिभाग**

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विश्व क्षय रोग दिवस पर भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित टी.बी. मुक्त भारत कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजभवन से ऑनलाइन प्रतिभागिता की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विश्व में वर्ष 2030 तक क्षय रोग से मुक्ति का लक्ष्य रखा गया है, जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2025 तक भारत को टी.बी. मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में आनंदीबेन पटेल ने मध्य प्रदेश में किए गए और उत्तर प्रदेश में जारी क्षय रोग उन्मूलन के अपने कार्य अनुभवों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि क्षय रोगी को दवा के साथ-साथ बेहतर पोषण की आवश्यकता भी होती है। सरकार 500 रुपये प्रतिमाह रोगी के लिए देती है, लेकिन जानकारी के अभाव में तथा अन्य पारिवारिक स्थितियों के कारण वह पूरा पैसा क्षय रोग ग्रस्त बच्चे अथवा मरीज के लिए व्यय न होकर परिवार के दूसरे बच्चों पर भी खर्च हो जाता है। ऐसी स्थिति में बच्चे को उचित पोषण उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने बच्चों के स्वस्थ होने तक गोद लेने का कार्य प्रारम्भ करवाया जिसके बेहतर परिणाम मिल रहे हैं।

By the inspiration of Hon’ble Madam Anandi Ben Patel , The aid to TB Patients was given and proper care was taken thereof.




Programme at Village school                                Distribution of fruits to TB Patients




Distributing fruits and necessary items to TB Patients

# Programme at Police line Siddharthnagar



करने हेत शासन को पूर्व प्रेषित स्नान घाट तथा झुरियागंज उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन्स में हुआ वाद–विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## पुलिसकर्मियों ने खुलकर अपने विचार रखे विजेताओं को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। रिजर्व पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर के सभागार कक्ष में मानवाधिकार संरक्षण के प्रति पुलिस कर्मियों को जागरूक एवं संवेदनशील किये जाने के संबंध में वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद–विवाद प्रतियोगिता का शीर्षक "21वीं सदी–पुलिस एवं मानवाधिकार" रहा। प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागियों को वाद–विवाद हेतु पांच–पांच मिनट का बोलने का मौका दिया गया। जिसमें पुलिसकर्मियों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। प्रतियोगिता में थाना शोहरतगढ़ के आरक्षी रिकेश तिवारी प्रथम रहे। दूसरे स्थान पर थाना बांसी के मुख्य आरक्षी शैलेष सिंह व तीसरे स्थान पर थाना इटवा के आरक्षी आशुतोष धर दुबे रहे। चतुर्थ स्थान पर थाना भवानीगंज के आरक्षी संदीप कुमार यादव रहे। उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका नीता यादव, प्रोफेसर सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी कपिलवस्तु व सौरभ श्रीवास्तव, प्रोफेसर सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी रहे। साथ विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अनित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, अखिलेश वर्मा पुलिस उपाधीक्षक सदर, भूतनाथ गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर, चन्दन कुमार, पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व प्रतियोगिता का संचालन आरक्षी दिलीप कुमार द्विवेदी ने किया अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



Programme at Police lines

# Students participation in extension activities.







# Rangoli Competition










# Tree Plantation



## स्वस्थ्य जीवन के लिए पौधरोपण जरूरी

कपिलवस्तु (एसएनबी)। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में कुलपति प्रोफेसर हरि बहादुर श्रीवास्तव ने तथागत अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में औषधीय एवं पौराणिक पौधा का रोपण किया।

इस अवसर पर कुलसचिव राकेश कुमार वित्त अधिकारी अजय सोनकर सहायक कुलसचिव दीनानाथ यादव अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर हरीश शर्मा, सुआक्टा अध्यक्ष डा. पुर्णेश नारायण सिंह एवं तथागत अंतर्राष्ट्रीय केंद्र के प्रभारी डा. अखिलेश दीक्षित सहित शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विदित हो कि सिद्धार्थ विश्व विद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों में निरंतर पौधारोपण कार्यक्रम अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को एक बार फिर विश्विद्यालय परिसर स्थित तथागत अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में पीपल अशोक नीम सहित अनेक औषधीय पौधों का रोपण किया गया। शासन के निर्देशानुसार और विश्वविद्यालय की योजना अनुसार पर्यावरण को शुद्ध करने में पौधों की महत्ता को देखते हुए और विशेष रूप से कोरोना जैसे महामारी से निपटने में आक्सीजन की उपलब्धता के दृष्टिगत पौधारोपण का कार्यक्रम का महाअभियान निरंतर जारी है।

अन्य जगहों पर परिसर में भी आगे पौधे लगाने की योजना कुलपति के निर्देशानुसार बनाई जा रही है। उक्त जानकारी सूचना जनसंपर्क अधिकारी डा. अविनाश प्रताप सिंह ने दी।

पौधारोपण करते कुलपति प्रो. हरिबहादुर श्रीवास्तव। फोटो : एसएनबी









Plantation by Guests, Faculty and Staff at newly constructed Campus area

# पृथ्वी दिवस पर सेमिनार आयोजित

सिविवि

**कपिलवस्तु (एसएनबी)।** सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी के एनसीसी कैडेट्स द्वारा शुक्रवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन



पौधे को पानी देते एनसीसी कैड्ेटस। फोटो : एसएनबी

किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कला संकाय के डीन प्रो. हरीश कुमार शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार माँ के द्वारा हमारा पालन होता है, उसी प्रकार पृथ्वी से भी हमारा पालन होता है। इसीलिए हम उसे माँ की संज्ञा देते है और हम जब इसकी रक्षा करेंगे, तब हमारी ही नही बल्कि आने वाली जेनरेशन की भी रक्षा होगी। सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी के चिकित्सक डा. अरुण द्विवेदी ने पृथ्वी दिवस के महत्व को

छरण मानव जीवन में कई प्रकार की बीमारियां का कारण बनता है। कार्यक्रम का संचलन एनसीसी के केयर टेकर अफिसर डा. प्रज्ञेश नाथ त्रिपाठी ने किया। पृथ्वी दिवस के अवसर पर कैडेट्स द्वारा युनिवर्सिटी कैंपस की साफ सफाई की गई तथा पेड़ों को पानी दिया गया। इस अवसर डा. अरविंद रावत व डा. यशवंत यादव और कैडेट कृष्णा प्रसाद, कैडेट करन कुमार, कैडेट रीमा चौधरी, कैडेट पूजा जायसवाल, कैडेट सीमा चौधरी व अजय सिंह आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डा. जय सिंह

# Health Centre Opened





Opening of Health Centre at Siddharth University kapilvastu



Address by Hon’ble VC Sir



Vaccination Camp

# Heritage Walk




Siddharth University has adopted 10 Villages and rendering their services to the community under village adoption programme. Apart from this the National Service Scheme (NSS) and National Cadet Corps (NCC) also serve the society through one day camps, Cleanliness task and so on. In addition outreach programmes and invited lectures are also given to the community.

Through extension and Outreach programmes we sensitize the students to develop social values, widespread their responsibilities and knowledge on social issues and problems by making them involve with the community people.



Bhumi Pujan for Central Library 2023

